Building Better Tomorrow

बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

राजपुर पुल, पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड, पटना– 800001

कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश सं0– 12 न्या भी - 1-101/19-310 दिनांक 25/10/19 /

मौनसून, 2019 के अंतर्गत अति वृष्टि के फलस्वरूप जल–जमाव की स्थिति को देखते हुए पटना नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत बुडको के अधीन विभिन्न ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन/सम्प हाउस पर पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति कार्यालय आदेश सं0–295 दिनांक–06.10.19 के माध्यम से की गई थी और उसका अवधि विस्तार कई चरणों में दिनांक–25.10.19 तक किया गया था। उक्त आदेश को दिनांक–03.11.19 तक विस्तारित किया जाता है। इस आलोक में सभी ड्रेनेज पम्पिंग स्टेशन/सम्प हाउस पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निदेशित किया जाता है कि वे अपने आवंटित पाली के अनुसार प्रतिनियुक्ति स्थान पर ससमय उपस्थित होकर दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

उपर्युक्त प्रतिनियुक्ति के अवधि विस्तार के संबंध में प्रबंध निदेशक, बुडको की स्वीकृति संबंधित संचिका में प्राप्त है।

ह0/–
महाप्रबंधक (प्रशासन),
बुडको

ज्ञापांक– 5331 / दिनांक– 25/10/19

1. **प्रतिलिपि** : बुडको के सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
2. **प्रतिलिपि** : प्रबंध निदेशक कोषांग, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
3. **प्रतिलिपि** : प्रबंधक (सू0त0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उन्हें निदेशित किया जाता है कि वे इस आदेश को BUIDCO IMAGE एवं BUIDCO Official Group पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. **प्रतिलिपि** : सभी कार्यपालक अभियंता (पटना नगर निगम क्षेत्र) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
5. **प्रतिलिपि** : श्री दयाशंकर प्रसाद, कार्यपालक अभियंता (बुडको मुख्यालय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
6. **प्रतिलिपि** : सभी मुख्य अभियंता, बुडको मुख्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

25/10/19.
महाप्रबंधक (प्रशासन),
बुडको